RAF SECTOR
NEWS CLIP
14/10/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hari Bhumi, Kurukshetra, (HR)

साईबर जागरूकता माह के तहत पुलिस ने किया राहगिरी का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

लाडवा। पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करके के लिए अक्टूबर माह को साईबर जागरुकता माह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में जिला पुलिस द्वारा साईबर जागरुकता माह के तहत बारहवें दिन बुधवार को लाडवा की शिवाला रामकुण्डी में राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता राहगिरी में एएसपी कर्ण गोयल, डीएसपी जय सिंह, प्रसिद्व समाजसेवी संदीप गर्ग, थाना प्रभारी सतनारायण ने आमजन को साईबर अपराधों के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। वहीं राहगिरी कार्यक्रम में आयोजकों व कलाकारों को समाजसेवी संदीप गर्ग ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

एएसपी कर्ण गोयल ने कहा कि पुलिस टीमों द्वारा स्कूलों व कॉलेजों व

अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राहगिरी कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साईबर विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई व साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया। उन्होंने आमजन को साईबर अपराधियों द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर आमजन को ठगने के तरीकों से अवगत कराया तथा अपने बैंक खाते संबंधी जानकारी सांझा ना करने की अपील की।

Danik jagran, Rohtak, (HR)

अर्धसैनिक बलों ने जिला पुलिस के साथ मिलकर मॉडल टाउन एरिया मे निकाला फ्लैग मार्च

रोहतक, रिंकू परमार, गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस एवम राकेश कुमार सिंह कमाण्डेन्ट 194 रैपिड एक्शन फोर्स के निर्देशानुसार बृज मोहन मीना के नेतृत्व मे 12 अक्तूबर से 18 अक्तूबर तक रोहतक जिला के विभिन्न स्थानो मे रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा परिचित अभ्यास किया जाएगा। रैपिड एक्शन फोर्स के प्लाटून के सदस्यो ने आज उपायुक्त यशपाल व पुलिस अधीक्षक उदय सिंह मीना के साथ मुलाकात कर रोहतक की भौगोलिक स्थिति व रोहतक जिला मे स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानो के बारे मे चर्चा की। इस दौरान उन्होंने रोहतक की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बारे भी विस्तार से चर्चा की है। अर्धसैनिक बलों (रैपिड एक्शन फोर्स) ने थाना सिविल लाईन प्रभारी उप.नि. हरपाल, प्रभारी पुलिस चौकी स.उप.नि. कपिल व थाना टीम के साथ मिलकर थाना सिविल लाईन के एरिया में मुख्य रूप से मॉडल टाउन मार्केट एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया है। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगो को शांति व कानून व्यवस्था कायम रखने की लिए अपील की गई है। फ्लैग मार्च का उद्देश्य जिला पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स व आमजन मे सामंजस्य बनाना है जिससे की भविष्य की संभावित चुनौतियो से आसानी से निपटा जा सके। आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखना है। किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने नही दिया जाएगा। कानून तोड़ने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। किसी भी सूरत में सरकारी व निजी सम्पति को क्षति नही पहुँचने दी जाएगी। जिला पुलिस 24 घण्टे तत्परता के साथ अपना कार्य कर रही है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए हर संभव कदम उठाए जा रहे है।

Gaurav Mahima, Jaipur, (RAJ)

सीआरपीएफ अंतर बटालियन ग्रुप केन्द्र कबड्डी प्रतियोगिता वर्ष 2022 का समापन

गौरव महिमा

जयपुर। जयपुर के नायला गांव स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कैंप में आयोजित अंतर बटालियन ग्रुप केन्द्र कबड्डी प्रतियोगिता वर्ष 2022 का बुधवार को समापन हुआ।

कबड्डी प्रतियोगिता में फाईनल मुकाबला 83 आरएएफ बटालियन और सीआरपीएफ 246 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीमों के बीच हुआ, जिसमें 83 आरएएफ बटालियन विजेता रही। सीआरपीएफ 246 बटालियन उप विजेता रही। इस अवसर पर राजस्थान सैक्टर पुलिस महानिरीक्षक विक्रम सहगल ने विजेता और उप विजेता टीमों के साथ सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किये। समापन के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक विक्रम सहगल, पुलिस उप महानिरीक्षक के थोमस जोब, पुलिस उप महानिरीक्षक राम सुखपाल सिंह, कमांडेंट पूनम गुप्ता द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार पायल, सहायक कमाण्डेंट गगन सिंह समेत सीआरपीएफ के अधिकारी और जवान मौजूद रहे। बता दें कि मंगलवार को नायला गांव स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कैंप में अंतर बटालियन ग्रुप केन्द्र कबड्डी प्रतियोगिता वर्ष 2022 का शुभारंभ किया गया था।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।